यहाँ पर मायावादी का यह प्रश्न है कि एकमेवाद्वितीयमिति । एक ही अद्वितीय ब्रह्म है उसमें नानात्व नहीं है । जो मनुष्य ब्रह्म में नानात्व देखते हैं वे मरण के समय मृत्यु को प्राप्त होता है । ब्रह्म निर्गुण हैं और कला से रहित हैं । और निरञ्जन हैं । जो मनुष्य कहता है कि मैं जानता हूँ वह भगवान् को नहीं जानता है । जो पुरुष कहता है कि मैं नहीं जानता हूँ वह जानता है । जो भगवान् मन और वाणी का अविषय हैं अर्थात वाणी और मन भगवान् को प्राप्त न होकर वहाँ से निवृत्त होजाते हैं । उपदर्शित श्रुतियों के द्वारा यह सिद्ध हो चुका कि ब्रह्म एक है और गुणों से रहित हैं । ज्ञान और शब्द का अविषय है तब बतलाइये सगुण शक्तिमान ब्रह्म शास्त्र का विषय किस तरह से हो सकता है । अन्यथा निर्गुण और अद्वितीय ब्रह्म बोधकश्रुतियों का बाध हो जावेगा ।

## वेदान्तरत्नमञ्जूषा

तन्नानिष्टमिति चेन्न । सर्वश्रुतीनामस्मत्सिद्धान्ताऽविरोधित्वात् । तथाहि । सदाकाशप्राणज्योतिरात्मब्रह्मनारायणादिशब्दाभिधेयस्य विश्वकारणस्यैकत्वाभ्युपगमात् तत्परोऽयं वाक्यकदम्बः । एवञ्चैकशब्दो जगत्कारणस्यैकत्वं विदधाति ॥

अन्ययोगव्यवच्छेदार्थकेनावधारणेन च तत्साम्यं निराक्रियते अद्वितीय-पदेन च तदाधिक्यमिति बोध्यम् । न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते इति श्रुत्यन्तरात् । एवं सदाद्यनेकशब्दप्रयोगात् तदर्थे कारणे नानात्वसंभावनावारणायाह । इह जगत्कारणे नानाशब्दवाच्येऽपि नानात्वं नास्ति । तस्यैकत्वात् ।

## कुञ्चिका

प्रागुदाहृतवाक्यकदम्बैः सूत्रैश्च ब्रह्मणो निर्गुणत्वनिर्विशेषत्वज्ञानाविषयत्व-शब्दाद्यगोचरत्वाभिधानात कथं कल्याणगुणैकराशित्वेन ब्रह्म प्रतिपत्तुं शक्यते अन्यथोक्तवचसां निर्विषयतया विरोधः प्रसज्येत । इत्याह । एकत्वनिर्गुणत्वेति । यः सर्वज्ञः सर्ववित् ( परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च ) सत्यकामः सत्यसङ्कल्पः । इत्यादिवचनैः ब्रह्मस्वरूपगुणप्रतिपादकैः सविशेषं बृहत्तमं ब्रह्म निश्चीयते उभयविधवाक्यानां तुल्यबलत्वान्नात्र बाध्यबाधकभावः कल्पयितुं शक्यते तस्मात्सर्वासां श्रुतीनां सामञ्जस्यमर्थप्रतिपादनेन यथा भवति सं दर्शयन्नुक्तशङ्कां परिहरति नेति । स्वसम्प्रदायसिद्धान्तरीत्या न कासामपि श्रुतीनां परस्परं विरोधः शङ्कनीय इत्याह । सर्वश्रुतीनामिति । प्रागुक्तश्रुतीनामर्थं विवृण्वन्नविरोधं दर्शयति । तथाहीत्यादिना । तावदेकमेवाद्वितीयब्रह्मेति श्रुत्यर्थं व्याचष्टे सदाकाश इति ।

## भाषानुवाद

अब इस प्रश्न का समाधान इस प्रकार है कि हमारे सिद्धान्त में कोई भी श्रुति का परस्पर में विरोध नहीं है । क्योंकि सत्पद और आकाश प्राण और ज्योति आत्मा ब्रह्म नारायण शब्दों का अर्थ विश्व का कारण भगवान् एक है जब इस प्रकार का निश्चय हो चुका है तब ' एक मेवाद्वितीयं ब्रह्म'' इस श्रुति का अर्थ इस प्रकार है कि श्रुति में एक शब्द निर्दिष्ट है उसका अर्थ जगत्कारण एक ही है । विश्व के कारण नाना कदापि नहीं हो सकते हैं । श्रुति में एक शब्द अन्य योग व्यवच्छेदार्थक है । अर्थात भगवान् के समान दूसरा कोई नहीं है अद्वितीय पद से यह निश्चित होता है कि भगवान् से अधिक दूसरा कोई नहीं है । यह अर्थ "नतत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते'' इस श्रुति में स्पष्ट है । सत् शब्द और आकाश आदि शब्द प्रयोग से संशय होता है कि कारण नाना हैं इस शङ्का के निवारण के लिये श्रुति कहा है कि नेह नानास्ति किञ्चन इति । जगत्का कारण नाना शब्दों से कहा गया है उसमें नानात्व नहीं हैं। जगत्कारण पर ब्रह्म एक ही है ।

## वेदान्तरत्नमञ्जूषा

नानात्वदर्शनस्य फलमाह । मृत्योः स मृत्युमाप्नोति । सदैव जन्म-

मरणादिदुःखात्मकसंसारभाग् भवति। नानात्वदर्शनमास्तां, नानेव दर्शनस्यैतावत् फलमित्यर्थ इति कैमुत्योक्त्या महोषः सूचितः। यद्वा कचिच्चतुर्मुखादीनां कारणत्वश्रवणात् तत्र तथात्वशंकावारणायेदं वाक्यम्। इह जगत्कारणे नानाचतुर्मुखत्रिनयनादिभेदो नास्ति। कारणस्य एकत्वावधारणात्। तेषां तन्नियम्यत्वादिश्रवणात्। अवरत्वं पूर्वमेवोक्तं। शेषं समानम्। तथैव निर्गुणवाक्यानां हेयगुणविशेषनिषेधपरत्वेन नैराकाङ्क्ष्यात्। नच निर्गुणमिति।

## कुञ्चिका

एकशब्दार्थं विवृणोति। एवञ्चेति। एवकारार्थं व्याचष्टे। अन्ययोगव्यवच्छेदेति। तत्साम्यं निराक्रियत इति। वस्तुमात्रस्य ततोऽवरत्वेन विसदृशत्वादित्यर्थः। अद्वितीयशब्दार्थमाह। अद्वितीयपदेन चेति, एतद्दृढयितुं वाक्यान्तरं पठति। न तत्सम इति। "नेह नानास्ति किञ्चन" इत्यस्यार्थं विवृणोति। एवमित्यादिना। सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म सदेव सोम्येत्यादिश्रुतिभ्यो ब्रह्मणो सत्यसदाद्यनेकशब्दबोध्यत्वं यद्यप्यभिधीयते तथापि नेह नानास्ति किञ्चन इति श्रुत्या नानाकारणत्वं निषिध्यत इत्यर्थः। श्रुतिस्थेहशब्दार्थमाह "इह" जगत्कारणइति तस्य कारणत्वस्य फलप्रदर्शनमुखेन मृत्योरिति श्रुत्यर्थं व्याचष्टे नानात्वदशनस्येति।"नेहनानास्ति किञ्चिन" इतिश्रुतेः प्रकारान्तरेणार्थमाह यद्वेति। "तत्र" हिरण्यगर्भः समवर्ततामे आदिकर्त्ता स भूतानां ब्रह्माऽग्रे समवर्त्तत इतिश्रुतौ "तथात्वशङ्कावारणाय" कारणत्वशङ्कावारणाय। इदम् नानेहनानास्तिकिञ्चनेतिवाक्यम्। एकत्वावधारणादिति। सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयमित्यादिना कारणैकत्वप्रतिपादनादित्यर्थः। तेषाम्। चतुर्मुखत्रिनयनादीनाम्।

## भाषानुवाद

कारण में नानात्व दर्शन का फल बतलाते हैं मृत्योः समृत्युमाप्नोतीति। जो पुरुष व जगत्कारण ब्रह्म में नानात्व देखता है वह मरण के समय मृत्यु को प्राप्त होता है। अर्थात् सदा जन्म मरण आदि दुःख के भागी होते हैं। नानात्व दर्शन तो एक तरफ रहा जो पुरुष नाना के सदृश भगवान् को देखता है वह संसार के दुःखों का अनुभव करता है यह कैमुत्यन्याय है। अथवा कोई पुराण में चतुर्मुख और रुद्र को जगत का कारण बतलाया है इस शङ्का के समाधान के लिये नेह नानास्ति किञ्चनेति। जगत्कारण चतुर्मुख और त्रिनयन महादेव प्रभृति नाना कारण नहीं हो सकते हैं। क्योंकि जगत का कारण एक परब्रह्म पुरुषोत्तम ही हैं। चतुर्मुख प्रभृति का तो भगवान नियन्ता है। जो निर्गुण प्रतिपादक वाक्य हैं उन्हीं का यह भाव है कि भगवान् वासुदेव में माया के गुणों का संसर्ग मात्र भी नहीं है।

## वेदान्तरत्नमञ्जूषा

सामान्यशब्दप्रयोगाद् धर्ममात्राऽपवाद इति वाच्यम्। तेषां स्वाभाविकत्वश्रवणात् स्वाभाविकवस्तुनो निषेधाविषयत्वनियमाद्। नहि अग्नेर्दहनप्रकाशनादिधर्मो निषेद्धुं शक्यः केनाऽपि विदुषा। अन्यथा, अस्थूलादिवाक्यैः स्वरूपस्यापि निषेधोऽभ्युपगन्तव्यः। स्वाभाविकत्वाविशेषात्। तस्माद्धेयगुणनिषेधपराण्येव निर्गुणवाक्यानीति न तैर्विरोधशङ्कावकाशः। नापि ज्ञानाविषयकवाक्यविरोधः। तेषामियत्ताऽवच्छिन्नविषयकनिषेधरूपत्वात्। तथाहि। यस्य पुंसः परमेश्वरस्वरूपगुणादिविषयकेयत्तावच्छेदेन अमतम्।

## कुञ्चिका

"अयत्नत्वम् तेषां पूर्वैर्वर्तिःवासिद्धया कारणत्वस्याप्यसिद्धत्वाज्ञत्वगुणादीनां जगत्कारणत्वं कथमपि साधयितुं शक्यत इति भावः। निर्गुणप्रतिपादकश्रुतीनां प्राकृतगुणनिषेधपरतया सामञ्जस्यं विवृण्वन् विरोधं परिहरति। तथैवेति। निर्गुणमिति। गुणसामान्यस्य ब्रह्मणि निषेधात निर्विशेषचिन्मात्रमेव ब्रह्म सिद्धयतीत्याशङ्क्य परिहरति नचेति। तेषाम् = ज्ञानादीनाम्। विपक्षे बाधकतर्कं दर्शयति। अन्यथेति। स्वाभाविकधर्मस्यापि निषेधविषयत्वेत्यर्थः। फलितार्थमाह। तस्मादिति। इदमाकूतं यद्यपि न गुणनिषेधः सङ्कोचयितव्य आर्थगुणनिषेधबलेन सर्वगुणविरहावगमात् ज्ञानस्य ज्ञानादिगुणाश्रयत्वादर्शनात् ब्रह्मणो ज्ञानमात्रप्रतिपादनेन निर्गुणत्वं फलितं तथापि "यथा पशुना यजेत" छागस्य वपाया इत्यादिषु छागो वा मन्त्रवर्णात्" इत्युक्तन्यायात्सामान्यशब्दो विशेषदर्शने सति तत्र पर्य्यवस्यति तथा गुणसामान्यनिषेधो विशेषगुणनिषेधे पर्य्यवस्यतीति प्रागेव प्रपञ्चितम्।

## भाषानुवाद

यहाँ पर यह प्रश्न उपस्थित होता है कि निर्गुण शब्द का अर्थ यह है कि गुण सामान्याभावः अर्थात् कोई भी गुण निर्विशेष ब्रह्म में नहीं है। उत्तर—परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञान बल क्रिया च सत्यकामः सत्यसङ्कल्पः, विनिश्चितगुणोपपत्तेश्च ज्ञान शक्ति बलैश्वर्य तेजोवीर्याण्यशेषतः भगवच्छब्दवाच्यानि विनाहेयैर्गुणादिभिः। इन श्रुतियों के द्वारा सत्यकामत्वादि अनन्त कल्याण गुण स्वाभाविक हैं। जो स्वाभाविक वस्तु का निषेध कदापि नहीं हो सकता है। जैसे अग्नि का स्वाभाविक धर्म दाहकत्व और प्रकाशकत्व है उसका निषेध नहीं हो सकता है। इस प्रकार भगवान् के स्वाभाविक गुणों का निषेध निर्गुणम्। इस वाक्य से नहीं हो सकता है अन्यथा अस्थूलम् इस वचन से ब्रह्म स्वरूप का भी निषेध होना चाहिये क्योंकि स्वाभाविकत्व धर्म

गुण और स्वरूप में समान हैं। इस तर्क से सिद्ध हो चुका कि स्वाभाविक धर्म का निषेध किस समय में नहीं हो सकता है। तस्मात् निर्गुण वाक्य हेय गुणों का निषेध करते हैं। स्वाभाविक गुणों का निषेध नहीं करते हैं, अतएव निर्गुण प्रतिपादक श्रुति का सगुण प्रतिपादक श्रुति के सङ्ग विरोध नहीं है। ब्रह्म को ज्ञान का अविषय बतलाने वाले वाक्यों का भी विरोध नहीं है, क्योंकि भगवान् के गुणों की इयत्ता के निषेध में श्रुति का तात्पर्य है। भगवान् के गुण इतने ही हैं—ऐसे कहने वाले पुरुषों ने भगवत्स्वरूप को नहीं जाना।

## वेदान्तरत्नमञ्जूषा

अननुभूतमनुमानादिभिः, तस्य मतं तेन मतम् अपरिच्छिन्नत्वेन ज्ञातमित्यर्थः। यस्य तु स्वरूपादि इयत्तावच्छेदेन मतं स न वेद। परिच्छिन्नदर्शित्वात्। भगवत्स्वरूपगुणादीनामनन्तत्वेनाऽचिन्त्यत्वात्। सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म। विष्णोर्नु कं वीर्याणि प्रवोचं यः पार्थिवानि विममे रजांसि नते विष्णो जायमानो न जातो देवस्य महिम्नः परमं तमाप सहस्रधा महिमानः सहस्राः। एष एवाचिन्त्यः परः परमो हरिरादिरनादिरनन्त इत्यादिश्रुतिभ्यः। एवमेवान्यदपि वाक्यं व्याख्येयम्। ऐकार्थ्यात्। अन्यथा,

## कुञ्जिका

यस्यामतं तस्य मतमितिश्रुतेरर्थं व्याकुर्वन् विरोधं परिहरति—नापीति। तेषाम् = यस्य मतमित्यादीनाम्। अगाधतोयाब्धौ तदवगाहनार्थं प्रवृत्ता मनुजा यथाशक्ति तमवगाह्य तद्गाधतामप्राप्य पुनरावर्त्तन्ते अगाधत्वात्, तथा वेदाऽपि तत्स्वरूपगुणादिनिर्णये प्रवृत्ताअपि इयत्तावच्छेदेन तु न ते जानन्तीति निषेध एव तेषां तात्पर्यमित्यर्थः। श्रुत्यर्थं विवृणोति—तथाहीत्यादिना। भगवत्स्वरूपगुणादीनामनन्तत्वे श्रुतिं प्रमाणयति-सत्यमिति। स वेत्ति वेद्यं नच तस्यास्तिवेत्ता न वेदितः।" इत्यस्य वाक्यस्य मुख्यार्थस्वीकारे "तमेव-विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय" "ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः" इत्यादिश्रुतीनामन्वयव्यतिरेकावधारणरूपप्रमाणसहकृतानां बाधप्रसङ्गादुक्ता गतिः सर्वसम्मतेत्याह—एवमेवेति। बाधकतर्कमाह—अन्यथेति। उक्तगत्यनङ्गीकार इत्यर्थः।

## भाषानुवाद

क्योंकि वह पुरुष परिच्छिन्न दर्शी हैं। भगवान् के स्वरूप और गुण अनन्त हैं "उन की गणना हम कालत्रय में भी नहीं कर सकते हैं" इस प्रकार जानने वाला पुरुष ज्ञाता कहलाता है। क्योंकि भगवान् के स्वरूप और गुणों को अचिन्त्य अनन्त श्रुति बतलाती हैं। इस विषय में 'विष्णोर्वीर्याणि प्रावोचं' यह श्रुति प्रमाण हैं।

## वेदान्तरत्नमञ्जूषा

तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यते ऽयनाय । य एवं विदुरमृतास्ते भवन्ति । यदा चर्मवदाकाशं वेष्टयिष्यन्ति मानवाः, तदा देवमविज्ञाय दुःखस्यान्तं निगच्छतीत्यादिवाक्यव्याकोपात् । ज्ञानाभावेऽनिर्मोक्षप्रसङ्गाच्च । तत्रैव वाक्यशेषे, मतं तस्य, विज्ञातमविजानतामिति ज्ञानविषयत्वप्रतिपादनाच्च । किञ्च यतो वाचो निवर्तन्ते इत्यत्र, यतः सर्वज्ञात् सर्वशक्तेः स्वाभाविकाऽचिन्त्यानन्तकल्याणगुणाश्रयात् पुरुषोत्तमात्, तस्यानन्दादीनामन्तमप्राप्य मनसा सह वाचो निवर्तन्ते इति तेषामनन्तत्वाद् उदाहृतवाक्येभ्यः ।

## कुञ्चिका

तमेवेति । अस्य मतमितिश्रुतौ । यतो वाचो निवर्त्तन्ते इति श्रुत्यर्थं व्याचष्टे—किञ्चेति यथा अगाधगाम्भीर्ये नद्यवगाहनार्थं प्रवृत्ताः मनुजाः स्नानपानादिदृष्टादृष्टफलैः कृतार्था अपि तत्तलस्पर्शमात्रेऽकृतार्थाः न तावता तज्ज्ञानिः अगाधत्वात्, तद्वद् वेदा अपि तत्स्वरूपप्रतिपादने प्रवृत्ता यथाधिकारं सर्वाधिकारिभ्यः पुरुषार्थचतुष्टयप्रापकत्वलक्षणभगवद्दत्तकैङ्कर्यपालनेन कृतार्था अपि तदियत्ताद्योतनमात्रेऽकृतार्थाः तथाभूताऽकृतार्थत्वस्य तु तेषां भूषणत्वमेव भगवदैश्वर्यानन्त्यद्योतकत्वात् । एतेन वेदेषु ब्रह्मस्वरूपादेरियत्ताया अज्ञता दूरे निरस्ता । यदि तदियत्तात्वं वेदो न जानीयात् तर्हि उक्तशङ्काप्रवेशो घटेत । न तु तदस्ति, अदृष्टश्रुतत्वात । नहि खपुष्पादीनां गन्धाज्ञाने शशविषाणादिताडनफलादर्शने च ज्ञानहानिः । अन्यथा ।

## भाषानुवाद

भगवान को सर्वथा ज्ञान का अविषय मानोगे तो "तमेव विदित्वातिमृत्युमेति" इस श्रुति से यह निर्धारित होता है कि भगवान् पुरुषोत्तम के ज्ञान से ही मृत्यु को अतिक्रमण करके मुक्त होता है—यह कहना निरर्थक होजावेगा । 'य एव विदुरमृतास्ते भवन्तीति' यह श्रुति भी कहती है जो पुरुष भगवान् को जानता है वह पुरुष मुक्त होता है । जैसे चर्म की तुल्य आकाश का वेष्टन असम्भव है उसी तरह भगवान् के ज्ञान के बिना मुक्ति का होना असम्भव है । इन वचनों से साबित होचुका कि भगवान् वासुदेव के ज्ञान से ही मुक्ति हो सकती है । और जब तुम परब्रह्म को ज्ञान का विषय स्वीकार नहीं करते हो तब उक्त श्रुतियों का बाध मानना पड़ेगा और मुक्ति का होना भी असम्भव होगा । 'तस्य विज्ञातम्' इस पद से सिद्ध होता है कि परब्रह्म ज्ञान का विषय है । 'यतो वाचो निवर्त्तन्ते' इस श्रुति का यह अर्थ है कि सर्वज्ञ सर्व शक्ति और स्वाभाविक

अचिन्त्य कल्याण गुण सागर भगवान पुरुषोत्तम के आनन्द प्रभृति गुणों के अन्त को प्राप्त न होकर मन सहित वाणी निवृत्त होजाती हैं। क्योंकि भगवान् पुरुषोत्तम के आनन्द आदि गुण अनन्त हैं अर्थात् तादाद हद से रहित हैं। यथा समुद्र तीर निवासी जन समुद्र जल में स्नानादि द्वारा दृष्ट और अदृष्ट फल को लाभ करता है। परन्तु समुद्र के जल की थाह को नहीं बतला सकता है तथा वेद रूप वाणी भगवान पुरुषोत्तम के स्वरूप और गुण प्रतिपादन द्वारा जीव के पुरुषार्थ के साधन बतलाती हुई भगवान् के स्वरूप गुणों का अन्त नहीं पाय कर निवृत्त होजाती हैं।

## वेदान्तरत्नमञ्जूषा

अन्यथा तत्रैव मन्त्रशेषे, आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्नबिभेति कुतश्चनेति तदीयानन्दस्य ज्ञानविषयत्वं भयनिवृत्तिफलकत्वं चोक्तं विरुद्धयत। तंत्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामः। सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति। वेदैश्च सर्वैरहमेव वेद्यः। नमामः सर्ववचसां प्रतिष्ठा यत्र शाश्वतीत्यादिशास्त्रविरोधात् सर्वं हि उपदेशशास्त्रं दत्ततिलाञ्जलिःस्याद्, उपदेष्टृसंततिनाशश्च। तस्मादुक्तलक्षणं ब्रह्मैव शास्त्रैकप्रतिपाद्यत्वात् सर्ववेदान्तविषय इत्येव साधीयान्। तथैवच सूत्रितं भगवता बादरायणेन, शास्त्रयोनित्वादिति।

## कुञ्चिका

साऽङ्गंवेद यदिवा न वेदेत्यनेन वाक्येन ब्रह्मणोऽपिसर्वज्ञताया हान्यापत्तेरिति भाव: ॥ बाधकतर्कमाह। अन्यथेति। ज्ञानाविषयत्व इत्यर्थः।

उक्तार्थं श्रुतिमुखेन द्रढयति। तं त्विति तम्सर्वशास्त्रप्रसिद्धम्। औपनिषदम् उपनिषत्प्रतिपाद्यम् "पुरुषम्" पूर्णं पुरुषोत्तममित्यर्थः। पृच्छामीत्यनेन वेदवेद्यस्यैव जिज्ञास्यत्वं सूचितम्। अन्यदपि वाक्यमुदाहरति। सर्व इति। सर्वेऽपि वेदाः परम्परया साक्षाद्वातत्तत्प्रकृतैरूपैर्यत्पदं पद्यते गम्यते इति पदं प्राप्यम्। आमनन्ति। आसमन्तात् स्वप्रेमतया प्राप्यत्वा च निश्चिन्वन्ति, गमयन्तीति यावत। श्रीमुखवचनेनाप्युक्तार्थं प्रमाणयति, वैदैश्चेति। एतद्दार्ढ्यायान्यद्वाक्यमाह। नमाम इति। यत्र यस्मिन भगवति "सर्ववचसां प्रतिष्ठा प्रतिपाद्यता तं नमाम इत्यन्वयः। यः सर्ववेदवेद्यः स एव नतिविषयः स च भगवान् श्रीकृष्ण एवेत्युक्तम् ॥

## भाषानुवाद

जो यह अर्थ उक्त श्रुति का स्वीकार नहीं किया जाय तो आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्नबिभेति कुतश्चनेति। इस उत्तरार्द्ध भाग से भगवान् को ज्ञान विषयत्व और भय निवृत्ति

फल प्रदर्शन करना सर्वथा असङ्गत होजायेगा 'तन्त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि इति। हम उस उपनिषत्प्रतिपाद्य पुरुष को पूछते हैं। जब परब्रह्म उपनिषत् के द्वारा जाना नहीं जाता है तब उस परब्रह्म को उपनिषत्–प्रतिपाद्य कहना सर्वथा असङ्गत प्रतीत होता है। "सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति" यह श्रुति स्वयं बतलाती है कि सब वेद परब्रह्म को प्रतिपादन करते हैं। भगवद्गीता में भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रजी ने स्वयं कहा है कि सम्पूर्ण वेदों के द्वारा मैं जाना जाता हूँ। सम्पूर्ण वचनों की नित्य प्रतिष्ठा अर्थात् सम्बन्ध परब्रह्म में ही है। इन सब श्रुति और स्मृतियों के द्वारा साबित हो चुका कि परब्रह्म पुरुषोत्तम ज्ञान का विषय आवश्यक है। अन्यथा उपदेश शास्त्र निष्फल होजायेंगे। अतएव गायत्री मन्त्र द्वारा प्रतिपाद्य होने से सर्व वेदान्त का विषय उक्त लक्षण भगवान् पुरुषोत्तम हैं। यह वार्ता भगवान् सूत्रकार महर्षि श्रीवेदव्यासजी ने शास्त्रयोनित्वात् १। १। ४। इस सूत्र में कही है।

## वेदान्तरत्नमञ्जूषा

कैश्चिन्निर्विशेषं ब्रह्माभ्युपगम्यते। तत्तुच्छम्। सर्वप्रमाणाऽविषयत्वेन शशशृङ्गायमाणत्वात्। तथाहि—प्रमाकरणं प्रमाणं तत् त्रिविधम्। प्रत्यक्षाऽनुमानशब्दभेदात्। इन्द्रियार्थसन्निकर्षजन्यं ज्ञानं प्रत्यक्षम्। श्रीगुरुं चक्षुषा पश्यामि, हरिगाथां श्रोत्रेण शृणोमि, तुलसीसौरभं घ्राणेन जिघ्रामीत्यादिविषयप्रत्यक्षमिन्द्रियं तत्कारणत्वात् प्रत्यक्षप्रमाणम् १। व्याप्तिधीजन्यं ज्ञानमनुमितिः।

## कुञ्चिका

ननु वचसां स्वस्वार्थेषु प्रतिष्ठा प्रमाणसिद्धत्वात् कथमेकत्र श्रीभगवति ब्रह्मण्येव सर्वप्रतिष्ठाऽभ्युपगम्यते इत्याशङ्क्य समाधत्ते—शास्त्रेति। अयमर्थः पदानां स्वार्थे प्रमाणत्वेऽपि सर्वस्यापि पदार्थस्य तत्कार्यत्वात् तत्रैवाऽव्यभिचारिणी प्रतिष्ठा। अन्यत्र चार्थानां व्यभिचारवत्तया तद्वाचकतयाऽपि व्यभिचारसत्त्वादिति भावः। तथाच श्रुतिः- "नामानि सर्वाणि यमाविशन्ति" इति। एतच्च देवताधिकरणे वेदान्तकौस्तुभे पूज्यपाद-श्रीश्रीनिवासाचार्य्यैर्निपुणं प्रपञ्चितम्॥ निगमयति—तस्मादिति। उक्तार्थे सूत्रकारस्य सम्मतिमाह। तथैवच सूत्रितमिति॥ शास्त्रं वेदलक्षणमेव योनिः कारणं ज्ञापकं प्रमाणं यस्मिंस्तच्छास्त्रयोनिस्तस्य भावस्तत्त्वम् तस्मादिति समासः। शास्त्रैकप्रमाणकत्वे सति तदन्यप्रमाणागोचरत्वमिति फलितार्थः। निर्विशेषं चिन्मात्रं ब्रह्म सत्यं तद्भिन्नं सर्वं मिथ्येतिवादिनां मतं दूषयितुमाह—कैश्चिदिति। यावन्ति प्रमाणानि सन्ति तावन्ति सविशेषवस्तुविषयाणि निर्विशेषे ब्रह्मणि प्रमाणमिदमस्तीति न शक्यते वक्तुं निर्विशेषचिन्मात्रब्रह्मवादि-भिरित्याशयेन तन्मतं दूषयति—तत्तुच्छमिति।

### भाषानुवाद

मायावादी परब्रह्म को निर्विशेष चिन्मात्र स्वीकार करते हैं। उन का यह कहना सर्वथा असङ्गत है, क्योंकि प्रमाण के द्वारा ही सब वस्तुओं की सिद्धि होती है जो वस्तु प्रमाण का विषय नहीं है वह वस्तु असत् है जैसे शशशृङ्ग है। जब ब्रह्म को आप किसी भी प्रमाण का विषय नहीं मानते हो तो वह ब्रह्म निर्विशेष है यह कहना तुच्छ है। यहाँ पर प्रमाण का प्रस्ताव हुआ, इससे प्रमाण का लक्षण और उसका विभाग करते हैं। यथार्थ ज्ञान का जो कारण अर्थात् साधन हो उसे प्रमाण कहते हैं। प्रमाण तीन विभागों में विभक्त हैं। एक प्रत्यक्ष दूसरा अनुमान, तीसरा शब्द है। इन्द्रिय का विषय के सम्बन्ध से जो उत्पन्न होता है वह प्रत्यक्ष कहलाता है। यह प्रत्यक्ष प्रमाण का लक्षण है। उदाहरण—मैं श्रीगुरुदेव को चक्षु से देखता हूँ। हरि कथा को कर्ण से सुनता हूँ। मैं घ्राण से श्री तुलसीजी के गन्ध को ग्रहण करता हूँ। विषय के साथ सम्बद्ध इन्द्रियों का नाम प्रत्यक्ष प्रमाण है क्योंकि इन्द्रिय प्रमाण के कारण हैं। व्याप्ति ज्ञान से जो ज्ञान उत्पन्न होता है वह अनुमिति ज्ञान कहलाता है।

### वेदान्तरत्नमञ्जूषा

यथा—पर्वतोवह्निमान् धूमवत्त्वात्। यो यो धूमवान् स स वह्निमान्। यथा महानसम्। इन्द्रियमनोबुद्ध्यादीनि आत्मा न भवन्ति, करणत्वात् दण्डादिवदिति तत्करणमनुमानम् २। आप्तप्रयुक्तं वाक्यं शब्दः। भ्रमादि-हेतुबुद्धिमान्द्यादिचतुष्टयाऽप्रामाण्यकारणशून्यत्वेनात यथार्थवक्तृत्वमाप्तत्वम् तच्च तारतम्यादिभेदात् त्रिविधम्। तत्राप्ततमो वेदस्तद्वाक्यं प्रमाणतमम्। आप्तमूल-कत्वेनान्यनिरपेक्षत्वाच्छ्रुत्यर्थस्मर्तारो मन्वादय आप्ततराः। तेषां वाक्यं प्रमाणतरम्।

### कुञ्चिका

प्रमाणप्रस्तावात् प्रमाणलक्षणप्रदर्शनपुरस्सरं प्रमाणं विभजते। तथाहीति। प्रत्यक्षं लक्षयति—इन्द्रियार्थेति। इन्द्रियस्य चक्षुरादेरर्थेन घटादिविषयेण सह सन्निकर्षः संयोगस्तेन जन्यमित्यर्थः। तमुदाहरति—श्रीगुरुमिति। अनुमितिलक्षणे ज्ञातेऽनुमानलक्षणं सुखेन भवतीत्यतःप्रागनुमितिलक्षणमाह—व्याप्तिधीजन्यमिति। तमुदाहरति—यथेति। शब्दं लक्षयति—आप्तप्रयुक्तमिति। आप्तत्वस्य लक्षणमाह—भ्रमादीति। आदिना प्रमाद-विप्रलिप्साकरणापाटवादीनां परिग्रहः। तं विभजते। तच्चेति—आप्तत्वञ्चेत्यर्थः। त्रैविध्यं विवृणोति—तत्राप्ततम इति। तेषां = मन्वादीनाम्।

### भाषानुवाद

नियत साहचर्य का नाम व्याप्ति है। जहाँ पर धूम रहता है वहाँ पर अग्नि भी

अवश्य रहती है इसे व्याप्ति कहते हैं। यथा पर्वत अग्निमान् है धूमवान् होने से जहाँ २ धूम रहता है, वहाँ अग्नि रहती है जैसे पाकशाला है। यह भी अनुमान का उदाहरण है। कोई वादी इन्द्रिय और मन तथा बुद्धि को आत्मा मानते हैं, उन का खंडन अनुमान के द्वारा करते हैं। इन्द्रिय और मन बुद्धि ये आत्म शब्द वाच्य कदापि नहीं हो सकते हैं क्योंकि ये ज्ञानके करण हैं यथा दण्डादि जो वस्तु करण होता है वह कर्ता नहीं हो सकता है अतएव इन्द्रिय आदि ज्ञान के करण है वह आत्मा नहीं हो सकते हैं। पूर्व में अनुमिति का लक्षण प्रदर्शन किया अब अनुमानका लक्षण दिखलाते हैं, तत्करणमिति। अनुमितिका जो करण अर्थात् साधन है लिङ्ग परामर्श को अनुमान कहते हैं। यहाँ पर्यन्त अनुमान का निरूपण किया अब शब्द प्रमाण का निरूपण करते हैं। आप्तप्रयुक्त वाक्यमिति। आप्त के वचन को शब्द प्रमाण कहते हैं। भ्रम ज्ञान के कारण चार हैं कि बुद्धि की मन्दता और इन्द्रियों का अपाटव विप्रलिप्सा दुराग्रह। जिससे यथार्थ ज्ञान नहीं होता है वही बुद्धि की मन्दता है। इन्द्रियों की स्वविषय ग्रहण करने में सामर्थ्य न होना ही अपाटव कहलाता है। स्ववचन पालन की विशेष इच्छा विप्रलिप्सा है। अन्यथा कुतर्क पक्षपात का नाम दुराग्रह कहलाता है। उपदर्शित दूषण चतुष्टयों से रहित जो यथार्थ वक्ता हो उसे आप्त कहते हैं। वह आप्त तारतम्य के भेद से तीन तरह का है उन में आप्ततम वेद है उसका वाक्य आप्ततम है क्योंकि अपना मूल आप है वह अन्य की अपेक्षा नहीं करता है। श्रुति के अर्थ को स्मरण कर्ता मनु आदि आप्ततर हैं इन्हीं का वाक्य आप्ततर है।

## वेदान्तरत्नमञ्जूषा

श्रुतिमूलकत्वेन तत्सापेक्षत्वाच्छ्रुतिस्मृतिव्याख्यातारः आप्तास्तद्वाक्यं प्रमाणम्। उभयमूलकत्वेनोभयसापेक्षत्वात्। तत्र प्रत्यक्षानुमानयोः प्रमाणत्वेऽपि क्वचिन्मायामूर्द्धादिदर्शने देवदत्तस्यैवायं मूर्द्धेति प्रत्यक्षं, वृष्ट्या तत्कालविनष्टाग्नौ चिरमधिकधूमोद्गारिणि गिरौ—पर्वतो वह्निमान् धूमवत्त्वादित्याद्यनुमाने च व्यभिचारदर्शनात् सापेक्षत्वेन निर्बलत्वम्। शब्दस्य तु निरपेक्षत्वात्प्रबलत्वमिति विवेकः ३। उपमानादीनां चात्रैवान्तर्भावान्न पार्थक्यम्। न तत्रप्रत्यक्षं प्रमाणपदवीमवतिष्ठते।

## कुञ्जिका

नहि प्राथम्यं तावत् प्रबलत्वे मानं येन प्रत्यक्षस्य प्राथम्यात् प्राबल्यं स्यात्। अपित्वबाधितविषयकत्वं, तस्य तु व्यभिचारस्तत्र तत्र दृश्यते—तथा च मायामुण्डादिप्रत्यक्षे बाधितविषयकत्वं सुव्यक्तम्। सूर्यादेरल्पपरिमाणविषये चायथार्थत्वविषयकं शास्त्रसिद्धम्

इदं रजतमित्यादिप्रतीतो चेति। तथाच प्रयोगः प्रत्यक्षं निर्बलं, व्यभिचारादिमत्वात्। सूर्य्यपरिमाणज्ञानप्रत्यक्षवत्। बाधितविषयकत्वाच्च शुक्त्यादौ रजतादिप्रत्यक्षवत्। एवमनुमानमपि निर्बलं व्यभिचारादित्याह—तत्र प्रत्यक्षानुमानयोरिति। अनुमाने व्यभिचारं दर्शयति-वृष्ट्येति। अयंभावः नास्माकं प्रत्यक्षादिप्रमाणान्तरानङ्गीकारे तात्पर्य्यमपितु तेषां शास्त्रसूते स्वातन्त्र्येण प्राबल्यनिषेधमात्र एव। तथाच भगवत्स्वरूपगुणादीनामचिन्त्यानन्तालौकिकतया प्रत्यक्षादिप्रमाणविषयानर्हत्वात् तत्प्रतिपादने तु श्रुतेरेव सामर्थ्यात्तस्यैव प्राबल्यम् तन्मूलस्मृत्यादेश्चानुमानप्रत्यक्षादेश्चेति।

भाषानुवाद

इन की मूल श्रुति है। श्रुति स्मृति के व्याख्याकार आप्त हैं, उनका वाक्य इस लिये प्रमाण माना जाता है, क्योंकि वह श्रुति और स्मृति मूलक हैं। तीनों में प्रत्यक्ष और अनुमान ये दोनों प्रमाण हैं, परन्तु शब्द की अपेक्षा करने से स्वतन्त्र प्रमाण नहीं हैं। क्योंकि प्रत्यक्ष प्रमाण का माया-मस्तक में व्यभिचार हैं, मायामुण्ड का प्रत्यक्ष होता है किन्तु वह प्रमात्मक ज्ञान नहीं है। वृष्टि के द्वारा जहां पर अग्नि का नाश हो चुका वहाँ पर अग्नि के बिना चिरकाल तक धूम उठता रहता है। इससे अनुमान में भी व्यभिचार है। ये दोनों प्रमाण शब्दसापेक्ष हैं। शब्द स्वतः प्रमाण हैं, अतएव निरपेक्ष हैं। शब्द दूसरे प्रमाण की अपेक्षा नहीं करता है। उपमानादिप्रमाणों का शब्द में ही अन्तर्भाव है। क्योंकि शब्द की अपेक्षा से इन में वैलक्षण्य प्रतीत नहीं होता है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

तस्यातीन्द्रियत्वाभ्युपगमात्। नाऽप्यनुमानम् लिङ्गशून्यत्वात्। "नेन्द्रियाणि, नानुमानमिति" श्रुतेः। नाप्यागमः। सर्वधर्मशून्यतया शब्दवृत्त्यविषयत्वात्। तथाहि—शब्दवृत्तिर्द्विधा, मुख्याऽमुख्यभेदात्। आद्या शक्तिरूपा। साच अस्माच्छब्दादयमर्थो बोद्धव्य इतीश्वरेच्छासंकेत इति तार्किकैरभिधीयते। अर्थप्रतीतिजननसामर्थ्यलक्षणः स्वाभाविकसंबन्ध इतिमीमांसका आहुः। चक्षुरादिवृत्तिविषयप्रकाशनयोग्यत्ववच्छब्दस्य तत्तदर्थप्रकाशनयोग्यतालक्षणसंबन्ध इति शाब्दिकाः।

कुञ्जिका

तत्रादौ प्रत्यक्षप्रमाणकं ब्रह्मेति केचाञ्चिन पक्षौ निराक्रियेते—न तत्र प्रत्यक्षेति। अत्रप्रतिज्ञायां हेतुमाह—तस्येति! ब्रह्मण इत्यर्थः। इन्द्रियार्थसन्निकर्षजन्यज्ञानस्य प्रत्यक्षत्वमितिनिर्विवादस्तथाच तस्येन्द्रियार्थत्व-भावेन तत्सन्निकर्षानर्हस्य वस्तुनः सुतरां तज्जन्यत्वाभाव इति। तथाच प्रयोगः। न प्रत्यक्षप्रमाणवेद्यं ब्रह्म। अतीन्द्रियत्वात्। परमाणुवा-

दिवत्। व्यतिरेकेऽपि न प्रत्यक्षविषयं ब्रह्म जात्यादिलौकिकानेकविशेषणवत्त्वाभावात्। यन्नैवं तन्नैवम् मनुष्यादिवत्। ननु यदि ब्रह्मणि इन्द्रियसन्निकर्षानर्हत्वमभ्युपेयते तर्हि तस्येन्द्रियेष्वव्यापकत्वमभ्युपेयं स्यात्। तथासति परिच्छिन्नत्वं दुर्वारणीयम्। व्यापकत्वे चेन्द्रियेषु तस्य सत्वेन कथं सन्निकर्षाभाव इति चेन्न। तस्य विभुत्वादिन्द्रियेषु बहिरन्तः-सत्वेऽपि तेषां तत्प्रकाश्यतया तत्प्रकाशनशक्तिमत्त्वाभावात् रूपगन्धप्रकाशने रसनश्रवण-वत्। सूर्य्यादिप्रकाशने खद्योतादिवच्च। उक्तप्रयोगे दृष्टान्तीकृतानां परमाण्वादीनां प्रत्यक्षा-नर्हत्वेऽप्यनुमानगम्यत्वात्। तथा ब्रह्मणोऽप्यतीन्द्रियत्वाविशेषादनुमानगोचरत्वमस्त्वि-तिशङ्कां वारयन्नाह। नाप्यनुमानमिति। उक्तार्थं श्रुतिमानेन समर्थयति। नेन्द्रियाणीति।

## भाषानुवाद

निर्विशेष ब्रह्म प्रत्यक्ष प्रमाण से नहीं जाना जाता है। क्योंकि निर्विशेष ब्रह्म अतीन्द्रिय है। अनुमान प्रमाण द्वारा भी निर्विशेष ब्रह्म का ज्ञान नहीं होता है क्योंकि ब्रह्म लिङ्ग शून्य है। "नेन्द्रियाणि नानुमानम्" इस श्रुति से साबित होता है कि ब्रह्म इन्द्रिय रूप प्रत्यक्ष प्रमाण और अनुमान प्रमाण का विषय नहीं हैं। और निर्विशेष ब्रह्म शब्द प्रमाण का भी विषय नहीं है क्योंकि सर्व धर्म शून्य वस्तु शब्द की वृत्ति का विषय नहीं हो सकता है। शब्द की वृत्ति दो तरह की है। एक मुख्या दूसरी अमुख्या है। शब्द की मुख्या वृत्ति शक्ति है। तार्किक मतानुयायी ईश्वर की इच्छा को शक्ति कहते हैं। शक्ति का आकार इस प्रकार है। अस्माच्छब्दादयमर्थोबोद्धव्य इति। इस शब्द से यह अर्थ जानना चाहिए जैसे घट शब्द से कम्बुग्रीवादिमान् अर्थ का बोध होता है। अर्थ की प्रतीति कराने की सामर्थ्य स्वाभाविक सम्बन्ध शक्ति है यह लक्षण मीमांसक कहते हैं। जिस प्रकार इन्द्रियों में अपने २ विषय प्रकाशन का सामर्थ्य है वैसे ही शब्द में अर्थ प्रकाशन की योग्यता लक्षण सम्बन्ध शक्ति है। इस प्रकार वैयाकरण कहते हैं।

## वेदान्तरत्नमञ्जूषा

अघटघटनापटीयसी ब्रह्माश्रितस्वाभाविकी, शक्तिमच्छब्दाश्रिता तदर्थ-प्रकाशनार्हताऽभिधाचेति औपनिषदाः। सर्वथाऽपि, शब्दाश्रिता तदर्थप्रकाशन-योग्यतेति सामान्यं सर्वसाधारणलक्षणमिति सिद्धम्। सा त्रिधा रूढिर्योगो योग-रूढिश्चेति। तत्र समुदायशक्तिः रूढिः। यथा हरिः, नारद इत्यादिः। रूढो द्विविधः, पर्यायोऽनेकार्थश्च। तत्र पर्यायो हस्तकरादयः। अनेकार्थो हरिः सैन्धवादयः। अवयवशक्तिर्योगः। माधवो रमाकान्तः शौरिः शास्ता वासुदेवः। उभयप्रवृत्तिहेतुकी तृतीया। यथा सोमः, पङ्कजः १।

### कुञ्जिका

निर्विशेषचिन्मात्रस्य ब्रह्मणो नागमेन प्रतिपत्तिर्भवितुमर्हति जातिगुणक्रियादिप्रवृत्तिनिमित्तकवस्तु पदाभिधया बोधयितुं शक्यते ननु सर्वधर्मशून्यं वस्त्वित्याशयेनाह। नाप्यागमइति। वृत्तद्वैविध्यमाह तथाहीत्यादिना तार्किकाभिमतसङ्केतस्याकारं दर्शयति। अस्मादिति मीमांसकानां समयं ग्राहयति। अर्थप्रतीतिजननेति। शाब्दिकानां संकेतं दर्शयति। चक्षुरादिवृत्तिरिति औपनिषदानां मतमाह। अघटघटनेति। ननु सन्तु नाम परीक्षकाणां समयाः प्रकृते किमायातमित्यत आह। सर्वथापीति। सर्वेषु पक्षेषु संकेतांशे विवादेऽपि शब्दाश्रितशब्दार्थप्रकाशनयोग्यत्वलक्षणं न जहातीत्यर्थः। तां विभजते'सेति' तत्रत्येषु। उदाहरति। यथेति। रूढिं विभजते। रूढ इति। उदाहरति। तत्रेति हरिशब्दस्येन्द्रत्वादिनानाधर्मावच्छिन्ने शक्तिः। सैन्धवपदेन लवणाश्वौ प्रत्याय्येत इत्यर्थः।

### भाषानुवाद

अघट घटना में चतुर ब्रह्म शक्ति के समान शब्द में अर्थ प्रकाशन की योग्यता शक्ति है यह वैदिक सिद्धान्त है। सर्वथा अर्थ प्रकाशन की योग्यता शब्द की शक्ति है यह साधारण लक्षण है। शब्द का वृत्ति तीन विभागों में विभक्त है। एक रूढी दूसरी योगिक तीसरी योग रूढी है समुदाय शक्ति का नाम रूढि है। यथा हरि और नारद शब्द रूढी है रूढी के दो भेद हैं पर्याय रूप और अनेकार्थ है। हस्त कर शब्द पर्य्याय कहलाते हैं हरि सैन्धव आदि शब्द अनेकार्थक हैं हरि शब्द के विष्णु और इन्द्र कपि आदिक अर्थ हैं। अवयव शक्ति का नाम योग है। यथा माधव रमाकान्त शौरि शाङ्ग वासुदेव इत्यादि शब्द योगिक है। अर्थात् मा लक्ष्मी उसके धवपतिः भगवान है रमा लक्ष्मी उसके कान्त विष्णु हैं शूरवंशोद्भव का नाम शौरि हैं। समुदाय शक्ति और अवयव शक्ति इन दोनों के द्वारा जो अर्थ का बोधक है यह शब्द योग रूढ कहलाता है।

### वेदान्तरत्नमञ्जूषा

द्वितीयापि द्विविधा, लक्षणा गौणी च। तत्र शक्यसंबन्धो लक्षणा। सा त्रिधा, जहत्स्वार्थाऽजहत्स्वार्था, जहदजहत्स्वार्था चेति। तत्राद्या यथा गङ्गायां घोषः। अत्र प्रवाहशक्तस्य गङ्गापदस्य शक्यसंबन्धे तीरे वृत्तिः। यथा वा मञ्चाः क्रोशन्तीत्यत्र मञ्चे शक्तस्य मञ्चशब्दस्य तत्संबन्धेषु पुरुषेषु वृत्तिः। अजहत्स्वार्था च, यथा काकेभ्यो दधि रक्ष्यताम्। अत्र काकत्वेन काके शक्तस्यापि काकशब्दस्य दध्युपघातकत्वेन काकतदितरेषु वृत्तिः। यथा वा, शोणो धावतीत्यत्र।

### कुञ्जिका

यौगिकयूरोर्लक्षणप्रदर्शनपुरस्सरमुदाहरति ॥ अवयवशक्तिरिति । इन्दिरालोकमाता मा" इति कोशात् माशब्देन लक्ष्मीरुच्यते तस्या धव:पतिरित्यर्थः, यथेति । योगरूढिं लक्षयति । उमयेति । तमुदाहरति । यथेति सोमपदेनावयवशक्त्याभिष्पीडनकर्मत्वं समुदायशक्त्या चसोमलता बोध्यते । तथाच निष्पीडनकर्माभिन्नसोमलतेतिबोध: पङ्कजशब्देनावयवशक्त्या पङ्कजनिकर्तृत्वं समुदायशक्त्या च पद्मत्वं बोध्यते ।

### भाषानुवाद

यथा सोम शब्द रूढ़ी द्वारा चन्द्रमा को कहता है। और योग से शिव का वाचक हैं। उमा पार्वती के सहित जो हो वह सोम कहलाता है। अमुख्या शब्द की वृत्ति के दो भेद हैं। एक लक्षणा दूसरी गौणी हैं। शक्यार्थ का जो सम्बन्ध है वह लक्षणा कहलाती हैं। वह तीन विभागों में विभक्त है एक जहत्स्वार्था द्वितीय अजहत्स्वार्था तृतीय जहत् अजहत्स्वार्था है। जहत्स्वार्था उसे कहते हैं कि जो शब्द अपने अर्थ को त्याग करके दूसरे अर्थ को कहता है यथा गंगा में घोष है। अर्थात ग्राम है। गंगा शब्द का अर्थ भागीरथचक्रवातावच्छिन्नप्रवाह हैं। उसका परित्याग कर गंगा शब्द गंगा सम्बन्धि तीर रूप अर्थ को लक्षणावृत्ति द्वारा कहता है। और मञ्च पुकारता है यहाँ पर मञ्च शब्द अपने अर्थ को छोड़ कर मञ्च सम्बन्धि पुरुष को बतलाता है। यह दोनों उदाहरण जहत्स्वार्था के हैं। काकों से दधि की रक्षा करना यहाँ पर काक शब्द अपने अर्थ का परित्याग नहीं करता हुआ दधि के विनाशक मार्जारादि अर्थ को कहता है। यह अजहत्स्वार्था का उदाहरण है।

### वेदान्तरत्नमञ्जूषा

शोणगुणगमनरूपस्य वाक्यार्थस्य विरुद्धत्वाद् तदपरित्यागेन तद्वति तदधिष्ठानरूपे गवादौ वृत्तिः । शक्यैकदेशपरित्यागे सति शक्यैकदेशवृत्तिस्तृतीया । यथा सोऽयं देवदत्त इत्यत्र तद्देशकालवैशिष्ट्यैतद्देशकालवैशिष्ट्ययोर्युगपदन्वयानुपपत्त्या देशकालादिविशेषणत्यागेन देवदत्तपिण्डमात्रमेव लक्षणया बोध्यते । शक्यस्य लक्ष्यमाणगुणसंबन्धो गौणी । यथा सिंहो देवदत्तः । अत्र सिंहवृत्तिक्रौर्यादिगुणानां लक्षणया माणवके देवदत्ते वृत्तिः । सैव लक्षितलक्षणेत्यप्यभिधीयते २ । तत्र न तावन्निर्विशेषवस्तुनि रूढिवृत्तेः संभवः ।

### कुञ्जिका

तथाच पङ्कजनिकर्त्रभिन्नं पद्ममितिबोधः ॥ अमुख्याशब्दवृत्तेर्द्वैविध्यमाह । द्वितीयापीति । अमुख्यावृत्तिरित्यर्थः । जहत्स्वार्थेति जहति पदानि स्वमर्थं यस्यां सा जहत्स्वार्था

अजहत्स्वार्थेति । न जहति पदानि स्वमर्थं यस्यां सा अजहत्स्वार्था इत्यर्थः । आद्यामुदाहरति । यथेति । अजहत्स्वार्थामुदाहरति । अजहत्स्वार्थेति । "तत्परित्यागेन" शोणगुणपरित्यागेन । तद्वतीति—शोणगुणवतीत्यर्थः । तृतीयेति—जहदजहत्स्वार्थेत्यर्थः । तामुदाहरति । सोयमिति ॥ गौणीं लक्षयति । शक्यस्थेति ॥ नैतासां कतमस्या अपि वृत्तेर्ब्रह्मणि प्रवृत्तिसम्भवः । तत्र नतावद्रूढिवृत्तेर्ब्रह्मणिप्रवृत्तिः सम्भवति तस्या जातिगुणस्वरूपादिभिर्निर्देशयोग्ये पदार्थे प्रवृत्तिसत्वात् निर्विशेषे ब्रह्मणि तत्प्रवृत्त्योपयिकजात्यादेरभावात् । तथाहि नतावद्गौरित्यादिवज्जात्या ब्रह्म निर्देष्टुं शक्यम् । एकत्वात् । तस्य जातिबाधकत्वात् एको देवः सर्वभूतेषु गूढः । एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म इत्यादिश्रुतेः ।

## भाषानुवाद

शक्य के एक देश का परित्याग करता हुआ शब्द एक देश को कहता है वह जहत् अजहत्स्वार्था लक्षणा कहलाती है । यथा सोयं देवदत्त इति । जिस व्यक्ति को मैंने काशीजी में देखा था वही यह देवदत्त है । यहाँ पर तद्देश तत्काल का एतद्देश एतत्काल में अन्वय नहीं हो सकता है अतएव उभय विध देश और उभय विध काल का परित्याग करके केवल देवदत्त के पिंड मात्र का बोध देवदत्त पद से होता है । शक्य में वृत्ति लक्ष्यमाण गुण उन्हीं के सम्बन्ध का नाम गौणी कहलाती हैं । जैसे देवदत्तसिंह हैं । सिंह में रहने वाले जो गुण क्रूरतादिक हैं उन्हों के योग्य से देवदत्त में लक्षणा से सिंह शब्द का प्रयोग किया है । इसको ही लक्षित लक्षणा भी कहते हैं ।

## वेदान्तरत्नमञ्जूषा

जातिगुणक्रियाद्यभावात् । नापि योगवृत्तिः संभवति । निर्विशेषस्य धातुप्रत्ययार्थत्वाभावात् । नापि लक्षणा, सम्बन्धशून्यत्वात् । नापि गौणी । निर्गुणत्वाऽभ्युपगमात् । तस्मात् सर्वप्रमाणशून्यत्वादनादरणीयोयंपक्षः श्रेयोर्थिभिः । अतःसर्वज्ञसर्वशक्तिसर्ववेदान्तवेद्यविश्वजन्मादिकारणं परं ब्रह्मश्रीपुरुषोत्तम एव, सचाऽभिन्ननिमित्तोपादानात्मकः । नचाभिन्ननिमित्तोपादनरूपस्य क्वाप्यदृष्टचरत्वाद् कथं तत्सिद्धिरिति वाच्यम् । परेश्वरसंयोगादौ जीवगतज्ञानादौ च कार्ये ईशजीवयोस्तथाभूतकारणत्वदर्शनान्नाऽत्यन्ताऽप्रसिद्धिः ।

## कुञ्चिका

नापि शुक्लइत्यादिवत गुणवत्तया निर्देष्टुं शक्यं ब्रह्म निर्गुणत्वात् । केवलो निर्गुणश्चेति श्रुतेः । नापिडित्थइत्यादिवत्द्रव्यस्वरूपेण निर्देष्टुं शक्यं ब्रह्म । अव्यक्तत्वात् । नापि चलतीत्यादिक्रियानिर्देशेन तथात्वम् विभुत्वेन निष्क्रियत्वात् । "निष्कलं निष्क्रियं शान्तमित्यादिश्रुतेः तस्मान्न रूढेर्विषयत्वं ।

निर्विशेषस्य ब्रह्मण इत्याशयेनाह (तत्र न तावदिति) नापि योगस्य निर्विशेषे ब्रह्मणि प्रवृत्तिसम्भवः तस्य तत्प्रवृत्तिनिमित्तप्रकृतिप्रत्ययार्थत्वायोगात। अतएव नयोगरूढेः प्रवृत्तिरपि सङ्गच्छते" इत्यभिप्रेत्याह। नापि योगवृत्तिरिति। नहि लक्षणावृत्तिप्रवृत्तेरवकाशः निर्विशेषे ब्रह्मणि। शक्येन सर्म सम्बन्धाग्रहात्—इत्यत आह नापिलक्षणेति। नच लक्षणयैव लक्ष्यस्वरूपोपस्थितिः तस्याः स्मारकत्वात्। स्मरणस्य पूर्वानुभवजन्यत्वनियमात् नापि गौणीवृत्तिः सर्वसादृश्यशून्यत्वात्।

## भाषानुवाद

अत्यन्त अभेद वादियों के सिद्धान्त में सर्व विशेष से शून्य ब्रह्म है वह रूढ़ी वृत्ति का विषय नहीं हो सकता है क्योंकि जाति और गुण क्रियावान वस्तु रूढ़ी का विषय होता है। ब्रह्म जाति और गुण क्रिया प्रवृत्ति धर्मों से रहित है और ब्रह्म योग वृत्ति का विषय नहीं हो सकता है। क्योंकि निर्विशेष ब्रह्म में धातु और प्रत्यय का अर्थ कदापि उपपन्न नहीं हो सकता है। और निर्विशेष ब्रह्म में लक्षणावृत्ति की प्रवृत्ति भी नहीं हो सकती है क्योंकि निर्विशेष वस्तु में किसी पदार्थ का सम्बन्ध नहीं हो सकता है। और निर्गुण ब्रह्म में गौणी वृत्ति की भी प्रवृत्ति नहीं हो सकती है। इससे साबित हो चुका कि निर्गुण निर्विशेष ब्रह्म कोई भी प्रमाण का विषय नहीं हो सकता है अतएव श्रेय अर्थि पुरुषों को यह पक्ष नहीं मानना चाहिए। अत सर्वज्ञ और सर्व शक्ति वेदान्त वेद्य पर ब्रह्म श्रीपुरुषोत्तम भगवान् ही वेदान्त का विषय है वह जगत के उत्पत्ति स्थिति लय का अभिन्न निमित्तोपादनकारण है। अब यहाँ पर यह प्रश्न उपस्थित होता है अभिन्न निमित्त उपादान कारण की प्रसिद्धि कहीं भी दृष्टि गोचर नहीं होती है तब किस प्रकार ब्रह्म जगत का अभिन्न निमित्तोपादान कारण हो सकता है।

## वेदान्तरत्नमञ्जूषा

तद्दृष्टान्तेनात्रापि तथात्वमभ्युपगम्यते। ब्रह्म, जगदभिन्ननिमित्तोपादानं भवितुमर्हति। तादृशशक्तिमत्त्वात्। जीवगतज्ञानादौ जीववत्। घटेश्वरसंयोगे ईश्वरवच्चेत्यनुमानमत्रानुसंधेयं, प्रकृतिश्चेति शास्त्रं च।

ननु कीदृशमिदं कार्यम्। न तावत् संघातरूपम्, आरब्धं वा शक्यते वक्तुम्—अवैदिकत्वात्। नापि परिणामः आकाशकल्पस्य निर्भागवस्तुनः।

## कुञ्चिका

"नसंदृशे तिष्ठति रूपमस्य" इतिश्रुतेः। इत्याह। नापि गौणीति। नाप्यन्यमताभीष्टव्यञ्जनावृत्तिप्रवृत्तेरत्र प्रवेशः सम्भावनीयः। निःसम्बन्धे वस्तुनि तस्याः प्रसरणा-

भावात् । तस्मात् कतमस्या अपि युक्तेस्तत्रप्रवेशाभावेन न प्रमाणगोचरत्वं निर्विशेषस्य ब्रह्मण इति निगमयति । तस्मादिति । घटकुण्डलादेरुपादानकारणत्वं मृत्सुवर्णादौ प्रसिद्धं निमित्तकारणत्वञ्च दण्डादावभिन्ननिमित्तोपादानत्वन्तु न कुत्रापि दृष्टचरं श्रुतमिति कथं ब्रह्मणः प्रपञ्चं प्रत्यभिन्ननिमित्तोपादानत्वं भवद्भिरुक्तं संगच्छत इत्याशङ्क्य परिहरति—नचेति ॥ घटेश्वरसंयोगात्मककार्यं प्रतीश्वरस्योपादानकारणत्वं निमित्तकारणत्वञ्च प्रसिद्धं तार्किकाणां नये कार्यमात्रं प्रतीश्वरस्य निमित्तकारणत्वात् जीवबुद्धिज्ञानं प्रति प्रत्यगात्मनः समवायिकारणत्वं जीवगतज्ञानादाविति । स्वज्ञानचिकीर्षाप्रयत्नादिकं शास्त्राभ्यासादिभिः स्वयमेव करोति जीवस्तेन तत्र कर्तृत्वेन निमित्तकारणं भवति तथापि च स्वयमेव समवायिकारणं भवति स्वज्ञानादीन् प्रति तदप्यसङ्गतेऽपीत्याह—घटेश्वरसंयोगादाविति । तथा च । दृष्टान्ते सिद्धेऽनुमानेन ब्रह्मणि जगदभिन्ननिमित्तोपादानत्वं समर्थयति । ब्रह्म इति । उक्तार्थे सूत्रकारस्य सम्मतिमाह—प्रकृतिश्चेति । प्रकृतिश्च प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधात् । १ । ४ । २३ ॥ चकारो निमित्तसमुच्चयार्थः । प्रकृतिरुपादानं निमित्तञ्च ब्रह्मैव । कुतः प्रतिज्ञेति । प्रतिज्ञा च दृष्टान्तश्चानयोरनुपरोधात् सामञ्जस्यात् । प्रतिज्ञा च "उत तमादेशमप्राक्ष्यो येनाश्रुतं श्रुतं भवत्यमतं मतमविज्ञातं विज्ञात"मित्युपादानकारणविज्ञानेन सर्वकार्यस्य विज्ञानं भवति कार्यस्य तदनतिरिक्तत्वात् । दृष्टान्तेऽपि "यथा सोम्य एकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्यादित्यादिरूपः । उपादानकारणविज्ञानेन सर्वकार्यविज्ञानं भवति ब्रह्मणो निमित्तमात्रे तु कुलालादिज्ञानेन मृन्मयज्ञानवत्तज्ज्ञानेन सर्वकार्यविज्ञानं न स्याद्दृष्टान्तप्रतिज्ञयोर्बाध एव स्यादिति सूत्रार्थः" स्यादेतद् ब्रह्मणो जगदभिन्ननिमित्तोपादानत्वं कीदृक्कार्योत्पादकं भवतामभिप्रेतमित्याशङ्कते । नन्विति । किं प्रकारिकेति भावः । प्रकारविकल्पांश्च वादिनामुल्लेखनाह—तत्र प्रथमं बौद्धविकल्पमाशङ्क्य परिहरति नतावदिति । सङ्घातरूपमिति । सङ्घातश्च यदृच्छया भूतसंहननपूर्वककार्योत्पादकत्वं ताम्बूलचूर्णादिसमूहस्येव लालिमकार्योत्पादकत्वमिति । निरासे हेतुमाह—अवैदिकत्वादिति ।

## भाषानुवाद

उत्तर ब्रह्म जगत का अभिन्न निमित्त उपादान कारण है क्योंकि परब्रह्म में विचित्र शक्ति है। यथा जीवगतज्ञानादिकार्य में जीव अभिन्ननिमित्तउपादान कारण है। क्योंकि जीव शास्त्र के अभ्यास द्वारा अपनी ज्ञान शक्ति बढ़ाने के वास्ते स्वयं चेष्टा करता है अतएव जीव ही ज्ञान का कर्ता है इससे जीव स्वगत ज्ञान और चिकीर्षा प्रयत्न के प्रति निमित्त कारण है। और अपने ज्ञान के प्रति जीव समवायि कारण भी है इस से सिद्ध हो चुका कि जीव अपने ज्ञान का अभिन्न निमित्तोपादान कारण है। और घट का

ईश्वर के संग संयोग है क्योंकि ईश्वर विभु है ( सर्वमूर्तद्रव्यसंयोगित्वं विभुत्वम् ) यह लक्षण विभुत्व का तार्किक मानते हैं। घट ईश्वर के संयोग में ईश्वर उपादान कारण ( समवायि कारण ) है। क्योंकि यह संयोग समवाय सम्बन्ध से ईश्वर में समवेत है। और कार्य मात्र के प्रति ईश्वर निमित्त कारण है इससे घट ईश्वर संयोग में ईश्वर निमित्त कारण भी है अतएव उक्त संयोग में ईश्वर अभिन्न निमित्तोपादान कारण है। यह तार्किकों का सिद्धान्त है। वैसे ही परब्रह्म जगत का अभिन्न निमित्त उपादान कारण हैं उक्त अनुमान से साबित हो चुका कि परब्रह्म जगत् का अभिन्न निमित्त उपादान कारण हैं। प्रकृतिश्चेति। इस श्रीव्यास सूत्र से भी परब्रह्म विश्व का निमित्त और उपादान कारण है। संघातवाद नास्तिकों का है। अविद्या से राग द्वेष और मोह रूप संस्कार है उनसे गर्भस्थ जीव को आद्य विज्ञान उत्पन्न होता है। उससे पृथिव्यादि चतुष्टय नाम होते हैं। उससे रूप। षडायतन। नाम रूप से मिश्रित इन्द्रियों का नाम षट् आयतन है। नाम और रूप इन्द्रिय का परस्पर संयोग का नाम स्पर्श है। सुखादि रूप वेदना कहलाता है। उससे विषय तृष्णा उपादान आदि अर्थ सौगत के मत में प्रसिद्ध हैं। इन्हीं का परस्पर में कार्य कारण भाव है अतएव अर्थ से संघात की सिद्धि होती है। धान्य राशि में संघातवाद प्रसिद्ध है।

नैयायिक और वैशेषिक आरम्भवाद को स्वीकार करते हैं। जैसे तन्तुओं से पट का आरम्भ होता है, शङ्कराचार्य मतानुयायी विवर्तवाद मानते हैं। यथा शुक्ति में रजत की भ्रान्ति विवर्तवाद है। इस अभिप्राय से वादी को शङ्का है। परब्रह्म से जगत की उत्पत्ति होती है। अतएव ब्रह्म कारण है जगत कार्य है यह बार्ता सत्य है परन्तु यह कार्य किस तरह का है संघात रूप है ? अथवा आरम्भ रूप है ?। अथवा परिणाम रूप है ?। अथवा विवर्त्तरूप है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

परिणामासंभवात्। तथाच प्रयोगः—ब्रह्म परिणामानर्हं भवितुमर्हति। विभुपरिमाणकत्वात्। निरवयवत्वाच्च। आकाशवत्। तस्माद् ब्रह्मविवर्तमेवेदं जगदिति चेन्न। निरवयवस्यापि विभोः परिणमनसामर्थ्ययोगात् परिणामासंभवात्। ननु सावयवस्यैव क्षीरादेः परिणामदर्शनाच्च निरवयवस्येति तादवस्थ्यमेवास्य दोषस्येति चेन्न। क्षीरपरमाणवादौ तद्व्यभिचारात्। तथाहि। नहि सावयवत्वं वस्तुपरिणामे प्रयोजकम्, अपितु वस्तुगता तादृशी शक्तिरेव। अन्यथा

कुञ्चिका

तदभ्युपगमे श्रौतसिद्धान्तस्य तिलाञ्जलिसम्प्रदानस्यापत्तेरित्यभिप्रायः। नापि

परिणाम इति । सामान्योक्त्योभयपक्षविषयकाचोदनेति ज्ञेयम् । परिणामो द्विविधः प्रकृतिस्वरूपपरिणामः शक्तिविक्षेपलक्षणो ब्रह्मपरिणामश्चेति आद्यः पक्षः साङ्ख्यानाम् पक्षः द्वितीयोऽौपनिषदानां सिद्धान्तश्चेति ज्ञातव्य इति भावः । तदेव हेतुमुखेन द्रढयति । आकाशकल्पस्येति ॥ आकाशतुल्यस्य निरवयवस्येत्यर्थः । विभोरिति विभुपरिमाणस्येत्यर्थः । अनुमानमुखेनोक्तार्थं द्रढयति । तथाचेति । परिशेषादगत्या विवर्त्तवाद एव समाश्रयणीय इतिमायावादिचोदनाभिप्राय इत्याह—तस्मादिति । सङ्घातपरिणामवादस्यासम्भवादित्यर्थः । ब्रह्मविवर्त्तमेवेदमिति । यथाक्षीरं परिणत्यर्हस्वाभाविकशक्तिमत्त्वादेव दध्यात्मना परिणमति तद्वद् ब्रह्मापि सर्वाघटनघटनार्हशक्तिमत्त्वादेव जगद्रूपेण परिणमतीति कथयितुं शक्यत इत्यभिप्रायेण परिहरति । नेति । निरवयवस्येति । जगदाकारावस्थाभजनशीलं ब्रह्म भवितुमर्हति तादृश्यचिन्त्यशक्तिमत्त्वात् । दधिभावे क्षीरवदित्यनुमानमनेन सूचितं भवति । उक्तहेतौ सत्प्रतिपक्षात्मकहेत्वाभासत्वं दृष्टान्ते विकलताञ्चारोप्य भूय उत्तिष्ठते । नन्वित्यादि । दृष्टान्तविकलत्वं निरस्य सत्प्रतिपक्षतां द्योतयितुं साध्याभावसाधकं हेत्वन्तरं पठति । निरवयवस्येति तथा चात्रप्रयोगः । ब्रह्म परिणामाभावशीलं निरवयवत्वात् आकाशवदिति । परिणामाभावशीलत्वाभाववति क्षीरपरमाण्वादौ निरवयवत्वहेतोस्सत्वाद्व्यभिचारित्वमित्याशयेनेक्तांशंकामपाकरोति । नेति। सावयवत्वस्य त्वयाभिप्रेतस्य हेतोः परिणामे कारणत्वं नास्तीतिव्युत्पादयति । तथाहीत्यादिना । यदि सावयवत्वं परिणामकारणत्वं स्यात्तदा जलादीनामपि दधिभावेन परिणामः स्यादतोऽप्रयोजकं सावयवत्वमिति भावः । आरोपितप्रमाणं बाधयित्वा पूर्वोक्तहेतुना सिद्धान्तयति । अपितु वस्तुगतेति "तादृशी" परिणामनरूपा । विपक्षे बाधकतर्कमुपन्यस्यति अन्यथेति ।

## भाषानुवाद

संघात पक्ष नहीं उपपन्न हो सकता है क्योंकि नास्तिक मत अवलम्वी इस पक्ष को मानते हैं। आरम्भवाद तार्किकों का मत है वह पक्ष शास्त्र प्रमाण शून्य होने से सर्वथा हेय है। अर्थात् त्याज्य हैं। परिणाम पक्ष भी युक्ति द्वारा सिद्ध नहीं हो सकता है क्योंकि यथा विभु ( सर्वत्र वर्तमान ) आकाश का परिणाम नहीं हो सकता है वैसे ही विभु ब्रह्म का परिणाम जगत नहीं हो सकता है। ब्रह्म में परिणाम की योग्यता नहीं है क्योंकि ब्रह्म का विभु परिमाण है और ब्रह्म निरवयव है जैसे आकाश है इस अनुमान से सिद्ध हो चुका कि जगत कार्य ब्रह्म का परिणाम नहीं हैं। अतएव विवर्तवाद ही मानना आवश्यक है। इसका समाधान इस प्रकार हैं कि ब्रह्म में अनन्त शक्ति हैं अतएव निरवयव विभु ब्रह्म में परिणाम शक्ति सामर्थ्य सेपरिणाम होता है। प्रश्न—सावयव वस्तुओं

का ही परिणाम दृष्टि गोचर होता है जैसे सावयव क्षीर का परिणाम दधि होता है। निरवयव वस्तु का परिणाम नहीं हो सकता है। अतएव ब्रह्म का परिणाम जगत् नहीं हो सकता है। उत्तर क्षीर का परमाणु निरवय है उसका परिणाम होता है इससे सावयव वस्तु का ही परिणाम होता है इस नियम का व्यभिचार है। वस्तु के परिणाम में सावयवत्व प्रयोजक नहीं है किन्तु वस्तुगत शक्ति को ही प्रयोजक कहना पड़ेगा।

### वेदान्तरत्नमञ्जूषा

जलस्यापि सावयवत्वाविशेषेण दधिभावपरिणामापत्तेर्दुर्वारत्वात्। क्षीरावयवानां निरवयवत्वाच्च। अयं भावः। द्रव्यपरिणामेऽवयविगता शक्तिः कारणम्? अवयवनिष्ठा वा? नाद्यः। द्रवद्रव्येऽव्यतिरिक्तस्यावयवित्वं, त्वयाऽनभ्युपगमात्। द्वितीये तु क्षीरावयवाः सावयवा, निरवयवा वा इति विवेचनीयम्। न तावत् सावयवाः। अनवस्थानात्। क्षीराब्धेः कुण्डपरिमाणापत्तेश्च। अवयवानामानन्त्यात्। अतो निरवयवा एवेति अकामेन त्वयाऽभ्युपगन्तव्याः। एवञ्च निरवयवस्य परिणामाभावत्वनियमभङ्गात्।

### कुञ्चिका

परिणामं प्रति वस्तुगतपरिणमनशक्तेःप्रयोजकत्वेत्यर्थः। उक्तार्थं पुनर्विकल्पवितुमुक्तं दृष्ट्वा तच्छान्तरे स्वयमेव तच्छङ्कासमाधानाभ्यां निर्णेतुमारभते अयं भाव इति। अवयविनः शक्तिरवयवानां वेतिस्पष्टो विकल्पः तत्र शक्तिपदेन वादशभावायतनशक्तिर्विवक्षितेति ज्ञेयम।

तत्र पूर्वविकल्पं वादिमुखेनैव परिहरति। नाद्य इति। त्वया = मायावादिना, द्वितीयपक्षं निरसितुं वितर्कयति। द्वितीये त्विति ॥ अवयवान्तराणामवयवान्तरकल्पनेऽनवस्थाप्रसङ्गेत्याद्यकल्पं निरस्यति—नतावदिति। अनन्ताप्रमाणिकपदार्थकल्पना अनवस्था। अवयवस्याप्यवयवान्तरमवयवान्तरस्याप्यवयवान्तरं तस्याप्यवयवान्तरमित्येवं प्रकारेणानवस्थेत्यर्थः। तत्रैव हेत्वन्तरमाह—क्षीराब्धेरिति। क्षीराब्धिः कुण्डपरिमाणावच्छिन्नमुपलभ्येत, तत्रापि हेतुः। अवयवानामिति। तस्मात्सिद्धमवयवानां निरवयवत्वमित्याह। अत इति।

### भाषानुवाद

अन्यथा जल भी सावयव है उसका परिणाम दधि होना चाहिए। यहाँ पर यह आशय है कि द्रव्य के परिणाम में अवयवी की शक्ति कारण है। अथवा द्रव्य के अवयव की शक्ति कारण है। प्रथम पक्ष उचित नहीं हो सकता है। क्योंकि तुम्हारे सिद्धान्त में जलादि द्रवद्रव्य में भिन्न अवयवी अङ्गीकार नहीं है। अवयव की शक्ति को

भी कारण नहीं कह सकते हैं इसमें यह शंका होती है कि क्षीर के अवयव सावयव हैं या निरवयव हैं। अनवस्था दोष से क्षीर के अवयवों को सावयव नहीं कह सकते हैं क्योंकि क्षीर सागर के समान तालाब के जल का परिमाण होना चाहिये जैसे—क्षीर सागर को अवयव की धारा का अन्त नहीं है वैसे ही तालाब के जल की अवयवों की धारा भी अनन्त हैं। इससे क्षीर के अवयवों को निरवयव ही मानना पड़ेगा फिर निरवयव का परिणाम नहीं हो सकता यह तुम्हारा कहना सर्वथा असङ्गत है।

### वेदान्तरत्नमञ्जूषा

स्वरूपासिद्धो हेतुः सावयवत्वमिति। नापि विभोः परिणामाऽभावनियमः। आकाशस्यापि वाय्वात्मना परिणामो दृश्यते। "आकाशाद्वायुरिति" श्रुतेः। अनेन द्वितीयस्य हेतोरपि सत्प्रतिपक्षत्वं दृष्टान्तविकलत्वं चोक्तं भवति। तथाच प्रयोगः—ब्रह्म परिणामयोग्यं विभुत्वात्। आकाशादिति। तत् सिद्धं निरवयवस्य विभोर्ब्रह्मणः परिणामात्मकमिदं कार्यमिति तादृशक्तिमत्त्वादेवेति। श्रूयते च, पराऽस्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया चेत्यादि।

### कुञ्जिका

फलितार्थमाह—एवञ्चेति। क्षीरावयवानां सावयवत्वाभावे सिद्ध इत्यर्थः। क्षीरादिर्दध्याकारपरिणमनशीलं सावयवत्वादिति प्रागुक्तानुमाने सावयवत्वहेतोः क्षीरादिपक्षेऽसत्त्वात्स्वरूपासिद्धत्वमित्याह। स्वरूपासिद्ध इति। यदुक्तं प्राग्विभुपरिमाणकस्य ब्रह्मणः परिणामो न भवितुमर्हतीति। तद्दूषयति। नापीति। विभोरिति। विभुत्वं परिणामाभावस्य व्याप्यमिति नियमो व्यभिचारं स्फोरयति। आकाशस्यापीति। उक्तार्थं श्रुति प्रमाणेन समर्थयति। आकाशाद्वायुरिति। अनेन = आकाशस्यापि वाय्वात्मना परिणामो दृश्यत इति ग्रन्थेन, द्वितीयस्य हेतोरिति। ब्रह्म परिणामानर्हं विभुपरिमाणकत्वादिति प्रयोगे विभुपरिमाणत्वहेतोरित्यर्थः। दार्ष्टान्ते उक्तन्यायमवतारयति। तत्सिद्धमिति। ब्रह्मणः सर्वशक्तत्वतया जगद्रूपेण परिणमनशक्तिमत्त्वमप्यस्तीत्याह। तादृशशक्तिमत्त्वादेवेति। ब्रह्मणस्तादृशशक्तिमत्त्वे प्रमाणं पठ्यते श्रूयते चेति।

### भाषानुवाद

क्षीर का दधि रूप से परिणाम होता है सावयवत्व होने से वादी ने यह अनुमान दिखलाया था इस अनुमान में सावयवत्व हेतु स्वरूपासिद्ध है क्योंकि क्षीर के अवयव निरवयव है, अतएव उसमें सावयवत्व हेतु नहीं रह सकता है। विभुवस्तु का परिणाम नहीं हो सकता है यह कथन भी सर्वथा असङ्गत है क्योंकि "आकाशाद्वायुः"

इस श्रुति से साबित होता है विभु आकाश वायु रूप से परिणत होता है। इससे यह भी सिद्ध होता है कि ब्रह्म परिणामानर्हम्। यह प्रागुपदर्शित अनुमान को दूसरे अनुमान द्वारा सत्प्रति पक्ष होता है। यथा ब्रह्म परिणाम के योग्य हैं विभु होने से जैसे आकाश विभु होकर भी परिणामी हैं। इससे साबित हो चुका कि निरवयव विभु ब्रह्म का परिणामात्मक कार्य यह जगत् है। क्योंकि जब परब्रह्म में अनन्त शक्ति हैं तब परिणाम शक्ति भी ब्रह्म में विद्यमान हैं। परास्य शक्ति र्विविधैव श्रूयते। इस श्रुति से सिद्ध होता है कि परब्रह्म में स्वभाव सिद्ध अनन्त शक्ति है।

### वेदान्तरत्नमञ्जूषा

**स्मर्यतेऽपि, शक्तयः सर्वभावानामचिन्त्यज्ञानगोचराः। शतशो ब्रह्मणस्तासु सर्गाद्याभावशक्तयः। भवन्ति तपतां श्रेष्ठ पावकस्य यथोष्णतेति॥**

**ननु स्यादेतन्निरवयवस्यापि विभोरनन्तशक्तियोगात्परिणामस्तथापि परिणामाभ्युपगमे विकारित्वमकामताऽप्यवश्यम्भावि। तच्च दूषितत्वादनिष्टम्। कृत्स्नप्रसक्तिर्निरवयवत्वशब्दव्याकोपोवेति न्यायात्। अत्रैवं विवेकः। ब्रह्मणः कार्य्यभावापत्तौ कृत्स्नस्य परिणामस्तदेकदेशस्य वा। आद्ये सवस्यापि।**

### कुञ्चिका

अस्य ब्रह्मणः शक्तिः परा स्वरूपविलक्षणा "विविधा" अनन्ताचिन्त्यप्रकारिका श्रूयते वेदान्तप्रमाणनिवेद्येत्यर्थः। स्वाभाविकीति। अनाद्यनन्तेति स्वरूपत्रितयेत्यर्थः। स्वाभाविकीत्युक्त्या अनिर्वचनीयत्वमिथ्यात्वोपाधिकत्वादिशब्दप्रयोक्तॄणां मायावादिनां मतमपाकृतं भवति न केवलं शक्तेरेव तत्वं ज्ञानक्रियागुणानामपीत्याह—ज्ञानबलक्रियाचेति ज्ञानबलाभ्यां सहिता क्रिया ज्ञानबलक्रियाचेति चकारः सर्वेषामपि भगवतोगुणकर्मादीनामाकर्षणार्थः श्रुत्यर्थरूपां स्मृतिञ्च पठति। स्मर्य्यतेऽपीति। शक्तय इति सर्वभावानामिति। स्वसङ्कल्पविषयवस्तूनां सूक्ष्मतया सद्रूपाणाम् सर्गाद्याः, सर्गादिकारणमिति।

भावशक्तय इति॥ स्वाभाविकीति श्रुतिगतपदस्यार्थः। शतश इति विविधाः पदार्थाः ब्रह्मण इत्यस्य पदस्यार्थः। अचिन्त्यज्ञानगोचराइति। अचिन्त्यस्यासङ्कुचितस्य मुक्तानां ज्ञानस्य विषया इति पराशब्दार्थः। तपतां श्रेष्ठेति। श्रोतुः कुतर्कनिष्ठतां निवारयति। स्वाभाविकत्वानाद्यनन्तत्वनित्यसहचारित्वादिषु दृष्टान्तः। "पावकस्य यथोष्णतेति। श्रुतौ जात्यभिप्रायेणैकवचनम्" स्मर्यते व्याख्यारूपत्वादेकत्वभ्रान्तिवारणार्थं बहुवचनमिति। एवं श्रुतिस्मृतिप्रतिपादितेऽप्यर्थे कुतर्कमारोप्यासद्वादैर्विविदमानः स्वचित्तास्वास्थ्यमुल्वं प्रकाशयितुमुत्तिष्ठते भूयः नन्विति। यदि ब्रह्मजगदाकारेण परिणमते स्वशक्ति-

महिम्ना तदा तस्य विकारित्वं प्रसज्येत तच्चानिष्टमिति शङ्कार्थः तच्चेति। विकारित्वञ्चे-त्यर्थः। दूषणमेव सूत्रेणोद्भावयति। कृत्स्नेति। सूत्रार्थं व्याचष्टे। अत्रैवं विवेक इति। यदि कृत्स्नस्य ब्रह्मणः कार्यरूपेण परिणामः स्वीक्रियते तदा।

### भाषानुवाद

श्रीपराशरमहर्षि ने भी विष्णुपुराण में भगवान् में अनन्त शक्तियों का उल्लेख किया है। शक्तयः सर्वभावानामिति। सकल भाव वस्तुओं की शक्ति अचिन्त्य है और ज्ञान के विषय हैं। ब्रह्म में सर्गादि भाव शक्ति बहुत हैं जैसे अग्नि में उष्णता शक्ति स्वाभाविक है। यहाँ पर वादी की यह शङ्का उपस्थित होती है कि तादृश शक्ति के योग से निरवयव विभु परब्रह्म जगत् रूप से परिणत होता है इस पक्ष में परब्रह्म में विकारित्व दोष की प्रसक्ति होती है। ब्रह्म का परिणाम रूप कार्य जगत् है इस पक्ष में यह विचारणीय है कि सम्पूर्ण ब्रह्म ही जगत् रूप से परिणत होता है अथवा ब्रह्म का एक देश परिणत होता है। आद्यपक्ष में यह दोष है कि सकल ब्रह्म जगदाकार होगया तो बतलाइये मुक्त पुरुष किस ब्रह्म को प्राप्त होंगे।

### वेदान्तरत्नमञ्जूषा

परिणतत्वान्मुक्तोपसृप्यत्वाभावप्रसङ्गः, अनित्यतायोगश्च। द्वितीये तु अनित्यत्वस्य तादवस्थ्यम्। निष्कलमनिष्क्रियमशान्तं निरवद्यं निरञ्जनमित्यादि-निरवयवत्वविषयवाक्यव्याकोपश्चेति। तस्मादयोग्य एव परिणामपक्ष इति चेन्न। उदाहृतेषु आकाशादिषु निरवयवत्वविभुत्वसाम्येऽपि निर्विकारित्वदर्शनेन निर्दोषत्वात्। आकाशस्य वाय्वात्मना शब्दात्मना परिणतस्य उक्तदोषवत्त्वा-ऽदर्शनात्। आकाशवत् सर्वगतश्च नित्य इतिश्रुत्या तथात्वश्रवणात्।

### कुञ्चिका

ब्रह्मविकारभूतजगद्व्यतिरिक्तब्रह्मणोऽभावापत्तिः तथासति विकारभावापन्नस्य ब्रह्मणो जगदाकारतया सर्वप्रत्यक्षविषयत्वेन सर्वस्यापि मोक्षस्यात् सर्वमोक्षप्रसक्त्या उपदेशशास्त्रानर्थक्यं प्रसज्येतेत्याशयेनाद्यपक्षं निरस्यति। आद्य इति। ब्रह्मण एकदेशस्य परिणामस्वीकारे तस्य पृथिव्यादिवत्सावयवत्वेऽनित्यत्वापत्तिरित्यभिप्रेत्य द्वितीयपक्षमपाकरोति। द्वितीयेत्विति। निरवयवन्तु ब्रह्म श्रुतिभ्योऽवगम्यत इत्यतःश्रुतिं पठति। निष्कल-मिति। कला अवयवाः निरवयवमित्यर्थः। तत्र लिङ्गं निष्क्रियत्वम् "शान्तम्" ऊर्मिषट्करहितम्। अशनापिपासे शोकमोहौ जरामृत्यूचोर्मयः "निरवद्यम्" निरञ्जनम् " कर्मसम्बन्धतत्फलरहितम्। परिणामवादेन घटयितुं शक्यत इति निगमयति तस्मादिति। अतो

ब्रह्मणः परिणामानुपपत्तेर्जगदुपादानत्वं न घटते किन्तु प्रधानस्यैव जगदुपादानत्वमेष्टव्य-मितिभावः। उपलभ्यते निरवयवस्य विभोराकाशस्य वाय्वात्मना शब्दात्मना परिणामे ऽपि निर्विकारित्वं तद्वत् निरवयवस्य विभोर्ब्रह्मणः परिणाम उपपद्यते तथात्वेऽपि स्वशक्ति-महिम्ना निर्विकारित्वं तस्य तथाभूतपरिणामस्योक्तरीत्या साधितत्वान्नोक्तदोषावकाश इत्याशयेन परिहरति। नेति। तस्य विभुत्वनित्यत्वप्रतिपादिकां श्रुतिमुदाहरति। आकाश-वदिति। तथात्वश्रवणादिति॥ विभुत्वनित्यत्वश्रवणादित्यर्थः। प्रागुक्तशङ्कायाः समाधानं सूत्रकारमतरीत्याऽऽह। वस्तुतस्त्विति। ब्रह्मैव निमित्तमुपादानञ्च कुतः "तदात्मानं स्वयम-कुरुत" इत्यात्मकृतेः। ननु कर्त्तुः कुतः कृतिविषयत्वं तत्राह परिणामात्। सर्वज्ञः सर्वशक्ति-रप्रच्युतस्वरूपः परमात्मा स्वात्मकस्वाधिष्ठितनिजशक्तिविक्षेपेण जगदाकारं स्वात्मानं परिणमयतीत्येवंभूतात्परिणामात्सर्वमनवद्यमिति सूत्रार्थः॥

## भाषानुवाद

और ब्रह्म का परिणाम होने से ब्रह्म में अनित्यत्व दोष की भी प्रसक्ति हो जायगी ब्रह्म का एक देश परिणत मानने पर भी अनित्यत्व दोष की प्रसक्ति आवश्यक है। निष्कलं निष्क्रियं शान्तमिति। इस ब्रह्म को निरवयव प्रतिपादक श्रुति का बाध उप-स्थित होगा इससे सिद्ध हो चुका कि परिणामवाद उक्त दोषों से दूषित होने से समीचीन नहीं है। इस शंका का समाधान जैसे अकाश निरवयव और विभु है उसका वायु रूप और शब्द रूप से परिणाम होता है वह विकारित्व नहीं होता है वैसे निरवयव ब्रह्म का परिणाम जगत् है और ब्रह्म में विचित्र शक्ति के सम्बन्ध से विकारित्व दोष की प्रसक्ति नहीं होती है। यह परिणामवाद को स्वीकार करके समाधान किया।

## वेदान्तरत्नमञ्जूषा

